**भारत सरकार**
**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**
**केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय**

नई दिल्ली,
दिनांक: 11 अगस्त, 2017

**प्रेस रिलीज**

# जून, 2017 माह के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक तथा उपयोग-आधारित सूचकांक के त्वरित अनुमान (आधार 2011-12=100)

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने आधार वर्ष 2011-12 के साथ जून, 2017 माह के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के त्वरित अनुमान जारी किए हैं। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के संकलन के लिए 14 स्रोत एजेंसियों यथा (i) औद्योगिक नीति तथा संवर्धन विभाग (डीआईपीपी); (ii) भारतीय खान ब्यूरो; (iii) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण; (iv) संयुक्त संयत्र समिति; इस्पात मंत्रालय, (v) पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्रालय; (vi) वस्त्र आयुक्त का कार्यालय; (vii) रसायन तथा पेट्रो रसायन विभाग; (viii) चीनी तथा वनस्पति तेल निदेशालय; (ix) उर्वरक विभाग; (x) टी बोर्ड, (xi) जूट आयुक्त का कार्यालय; (xii) कोयला नियंत्रक का कार्यालय; (xiii) रेलवे बोर्ड; और (xiv) कॉफी बोर्ड से आंकड़े प्राप्त किए जाते हैं ।

2. जून, 2017 माह के लिए सामान्य सूचकांक 119.6 अंक रहा है, जो जून, 2016 माह की तुलना में 0.1% कम है । अप्रैल-जून 2017 की अवधि के लिए संचयी वृद्धि पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में 2.0% रही है ।

3. जून, 2017 में खनन, विनिर्माण और विद्युत क्षेत्र का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक क्रमशः 98.8, 120.6 और 147.4 रहा है, इस प्रकार इन तीनों क्षेत्रों में जून, 2016 (विवरणी-I) की तुलना में तदनुरूपी वृद्धि दर क्रमशः 0.4%, (-0.4%) तथा 2.1% रही है । इन तीनों क्षेत्रों में 2016 की तदनुरूपी अवधि की तुलना में अप्रैल-जून 2017 में संचयी वृद्धि क्रमशः 1.2%, 1.8% और 5.3% रही है।

4. तेईस (23) औद्योगिक समूहों में से पन्द्रह (15) औद्योगिक समूहों के मामले में, (एनआईसी-2008 के 2 अंकीय स्तर के अनुसार) विनिर्माण क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में जून 2017 के दौरान, ऋणात्मक वृद्धि देखी गई है (विवरणी II) । औद्योगिक समूह 'इलेक्ट्रिकल उपकरणों का निर्माण' में (-) 20.1% की सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि देखी गई तत्पश्चात 'मशीनरी तथा उपकरण को छोड़कर फेबरिकेटेड धातु उत्पाद का विनिर्माण' में (-) 11.1 प्रतिशत तथा 'मुद्रण तथा रिकर्डेड मीडिया का पुनः उत्पदान' में (-) 10.5% की वृद्धि देखी गई । दूसरी ओर औद्योगिक समूह 'अन्य विनिर्माण' में 28.1% की सबसे अधिक धनात्मक वृद्धि हुई है तत्पश्चात 'फार्मास्यूटिकल्स, मेडिसिनल केमिकल तथा बोटानिकल उत्पादों' में 19.2% और 'फर्नीचर निर्माण' में 11.7% की सबसे अधिक धनात्मक वृद्धि देखी गई है ।

5. उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, जून 2016 की तुलना में जून, 2017 में प्राथमिक वस्तुओं में वृद्धि दर (-) 0.2%, पूंजीगत वस्तुओं में, (-) 6.8%, मध्यवर्ती वस्तुओं में (-) 0.6% और आधारभूत संरचना/निर्माण सामान में 0.6% वृद्धि दर रही है (विवरणी III) । इस प्रकार उपभोक्ता टिकाऊ और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं में कुल वृद्धि दर क्रमश: (-) 2.1% और 4.9 रही है ।

6. कुछ अन्य महत्वपूर्ण मदें जिनमें उच्च स्तर की ऋणात्मक वृद्धि दर दर्ज की गई हैं, इनमें 'जलशोधन उपकरण' [(-) 68.4%], 'काजू चाहे प्रोसेस किया हुआ/रोस्ट किया हुआ/नमक लगा हुआ' [(-) 63.6%], 'स्वीचिंग या इलेक्ट्रिकल सर्किट बनाए रखने के लिए इलेक्ट्रिकल उपकरण' (अर्थात स्विचगीयर, सर्किट ब्रेकर्स/स्वीचेज, कंट्रोल/मीटर पैनल)' [(-) 48.6%], 'प्लास्टिक जार, बोतलें तथा कंटेनर' [(-) 48.1%], 'मिट्टी का तेल' [(-) 39.0%], 'प्रिटिंग उपकरण' [(-) 35.6%], 'टूथ-पेस्ट [(-) 33.0%], 'एयर फिल्टर' [(-) 28.9%], 'पशु-चिकित्सा औषधी संबंधी टीका' [(-) 28.8%], तथा 'सीमेंट क्लिनकर्स' [(-) 22.2%] ।

7. कुछ महत्वपूर्ण मदें जिनमें उच्च स्तर की धनात्मक वृद्धि दर्ज की गई है, इसमें 'पाचक एंजाइम तथा एंटीसिड (पीपीआई दवाओं सहित) (67.8%) 'विनिर्माण मशीन/उपकरण (बुलडोजर तथा रोड रोलर्स सहित) (36.8%) 'स्वर्ण आभूषण (नगिना जड़ित या बिना नगिने वाले) (34.7%), 'कट तथा पोलिश किए हुए हीरे' (31.1%), 'एक्सेल' (29.5%), 'मीटर्स (इलेक्ट्रिकल तथा नॉन इलेक्ट्रिक)' (28.9%) 'पाइप, ट्यूब तथा इस्पात/लोहे की केसिंग' (24.9%) तथा 'अल्युमिनियम बिलेट्स/इनगॉट्स' (22.6%) ।

8. तथापि, अधिमान को ध्यान में रखते हुए, प्रमुख मद समूह (प्रत्येक पांच) जिन्होंने आईआईपी की समग्र वृद्धि दर में सकारात्मक और नकारात्मक योगदान दिया है, नीचे दिए गए हैं:-

| मद समूह | अधिमान (%) | योगदाता |
|---|---|---|
| **उच्च ऋणात्मक योगदाता** | | |
| 'स्वीचिंग या इलेक्ट्रिकल सर्किट बनाए रखने के लिए इलेक्ट्रिकल उपकरण' (अर्थात स्विचगीयर, सर्किट ब्रेकर्स/स्वीचेज, कंट्रोल/मीटर पैनल) | 0.45 | -0.2829 |
| डीजल | 5.71 | -0.1480 |
| सभी प्रकार के सीमेंट | 2.16 | -0.1464 |
| प्रिटिंग उपकरण | 0.46 | -0.1334 |
| पशु-चिकित्सा औषधी संबंधी टीका | 0.45 | -0.1313 |
| **उच्च धनात्मक योगदाता** | | |
| पाचक एंजाइम तथा एंटीसिड (पीपीआई दवाओं सहित) | 0.22 | 1.5357 |
| एचआर क्वाइल्स तथा माइल्ड स्टील | 1.35 | 0.2580 |
| विद्युत | 7.99 | 0.2070 |
| स्वर्ण आभूषण (नगिना जड़ित या बिना नगिने वाले) | 0.44 | 0.1380 |
| माइल्ड स्टील की एचआर प्लेट्स | 0.83 | 0.1067 |

9. जून, 2017 के आईआईपी के त्वरित अनुमानों के साथ-साथ मई 2017 के सूचकांकों में पहला संशोधन किया गया है तथा स्रोत एजेंसियों से प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के परिप्रेक्ष्य में मार्च, 2017 के सूचकांकों में अंतिम संशोधन किया गया है ।

10. राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (एनआईसी-2008) के दो अंकीय स्तर, तथा उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार जून, 2017 माह के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के त्वरित अनुमान तथा पिछले वर्ष के इसी माह की वृद्धि दर की तुलना में संचयी सूचकांक से संबंधित विवरणियां संलग्न हैं ।

---

**टिप्पणी:-**

1. **यह प्रेस रिलीज मंत्रालय की वेबसाइट-http://www.mospi.nic.in पर भी उपलब्ध है ।**
2. **जुलाई, 2017 के सूचकांक बुधवार, 12 सितम्बर, 2017 को जारी किए जाएंगे ।**
3. **प्रेस रिलीज हिन्दी में बाद में भेजी जाएगी तथा यह http://mospi.nic.in/hi पर उपलब्ध होगी ।**
4. **आधार 2004-05 वाले आईआईपी के अनुसार मार्च 2017 माह में हुए संशोधनों को भी कर दिया गया है तथा मंत्रालय की वेबसाइट http://mospi.nic.in पर उपलब्ध है ।**
5. **अप्रैल 2012 तथा इसके बाद के लिए सूचकांक (आधारः 2011-12=100) डब्ल्यूपीआई के अंतिम आंकड़ों के आधार पर अद्यतन किए गए हैं । संशोधित सूचकांक मंत्रालय की वेबसाइट http://www.mospi.nic.in पर उपलब्ध है ।**

यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 11 अगस्त, 2017 सांय 5.30 बजे तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी ।

**विवरण I: औद्योगिक उत्पादन सूचकांक-क्षेत्रवार**

**(आधार : 2011-12=100)**

| माह | खनन (14.3725) | | विनिर्माण (77.6332) | | विद्युत (7.9943) | | सामान्य (100) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 |
| अप्रैल | 95.9 | 99.0 | 114.0 | 117.6 | 142.9 | 150.6 | 113.7 | 117.6 |
| मई | 101.4 | 101.6 | 122.4 | 125.6 | 146.0 | 158.1 | 121.3 | 124.7 |
| जून* | 98.4 | 98.8 | 121.1 | 120.6 | 144.3 | 147.4 | 119.7 | 119.6 |
| जुलाई | 88.4 | | 119.4 | | 142.5 | | 116.8 | |
| अगस्त | 84.7 | | 119.6 | | 143.5 | | 116.5 | |
| सितम्बर | 87.7 | | 121.0 | | 145.6 | | 118.2 | |
| अक्तूबर | 101.0 | | 121.3 | | 145.1 | | 120.3 | |
| नवंबर | 106.2 | | 115.7 | | 134.9 | | 115.9 | |
| दिसंबर | 114.1 | | 121.4 | | 137.8 | | 121.7 | |
| जनवरी | 114.4 | | 123.1 | | 138.9 | | 123.1 | |
| फरवरी | 110.5 | | 119.7 | | 130.2 | | 119.2 | |
| मार्च | 127.7 | | 132.7 | | 147.9 | | 133.2 | |
| औसत | | | | | | | | |
| अप्रैल-जून | 98.6 | 99.8 | 119.2 | 121.3 | 144.4 | 152.0 | 118.2 | 120.6 |
| पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वृद्धि | | | | | | | | |
| जून | 10.2 | 0.4 | 7.5 | -0.4 | 9.8 | 2.1 | 8.0 | -0.1 |
| अप्रैल-जून | 7.5 | 1.2 | 6.7 | 1.8 | 10.0 | 5.3 | 7.1 | 2.0 |

*** जून, 2017 के सूचकांक त्वरित अनुमान हैं ।**

**टिप्पणीः मार्च 2017 और मई 2017 माह के सूचकांकों में अद्यतन उत्पादन आंकड़ें शामिल है ।**

यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 11 अगस्त, 2017 सांय 5.30 बजे तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी ।

**विवरण II: औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (2 अंकीय स्तर)**

**(आधार : 2011-12=100)**

| उद्योग का कोड | विवरण | अधिमान | सूचकांक | | संचयी सूचकांक | | प्रतिशत वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | जून'16 | जून'17 | अप्रैल-जून | | जून'17 | अप्रैल-जून |
| | | | | | 2016-17 | 2017-18 | | 2017-18 |
| 10 | खाद्य उत्पाद | 5.3025 | 91.6 | 88.2 | 92.4 | 89.4 | -3.7 | -3.2 |
| 11 | पेय पदार्थ | 1.0354 | 111.0 | 103.2 | 128.5 | 110.1 | -7.0 | -14.3 |
| 12 | तंबाकू उत्पाद | 0.7985 | 125.0 | 130.4 | 98.5 | 105.0 | 4.3 | 6.6 |
| 13 | वस्त्र | 3.2913 | 120.0 | 116.1 | 118.3 | 116.3 | -3.3 | -1.7 |
| 14 | परिधान | 1.3225 | 153.3 | 149.3 | 156.9 | 153.5 | -2.6 | -2.2 |
| 15 | चमड़ा और चमड़े से संबंधित उत्पाद | 0.5021 | 129.6 | 130.7 | 129.7 | 133.0 | 0.8 | 2.5 |
| 16 | काष्ठ तथा काष्ठ उत्पाद और फर्नीचर के अलावा कॉर्क, स्ट्रॉ से बनी वस्तुएं और प्लेटिंग सामग्री | 0.1930 | 100.0 | 93.9 | 93.9 | 90.7 | -6.1 | -3.4 |
| 17 | कागज तथा कागज उत्पाद | 0.8724 | 117.5 | 109.3 | 117.4 | 111.2 | -7.0 | -5.3 |
| 18 | रिकॉर्डेड मीडिया का पुनः-उत्पादन | 0.6798 | 107.4 | 96.1 | 104.0 | 101.7 | -10.5 | -2.2 |
| 19 | कोक और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद | 11.7749 | 118.9 | 117.3 | 117.0 | 119.1 | -1.3 | 1.8 |
| 20 | रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 7.8730 | 117.4 | 111.6 | 115.6 | 111.2 | -4.9 | -3.8 |
| 21 | भेषज, औषधीय रसायन तथा वनस्पति उत्पाद | 4.9810 | 160.6 | 191.4 | 159.0 | 200.4 | 19.2 | 26.0 |
| 22 | रबर और प्लास्टिक उत्पाद | 2.4222 | 120.5 | 113.3 | 119.9 | 117.2 | -6.0 | -2.3 |
| 23 | अन्य गैर-धात्विक खनिज उत्पाद | 4.0853 | 119.9 | 111.6 | 116.4 | 112.7 | -6.9 | -3.2 |
| 24 | प्राथमिक धातुएं | 12.8043 | 131.0 | 134.5 | 129.3 | 133.8 | 2.7 | 3.5 |
| 25 | मशीनरी और उपकरणों को छोड़कर फेबरिकेटेड धातु उत्पाद | 2.6549 | 114.0 | 101.3 | 108.9 | 97.3 | -11.1 | -10.7 |
| 26 | कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टीकल उत्पाद | 1.5704 | 126.9 | 125.3 | 121.1 | 126.5 | -1.3 | 4.5 |
| 27 | इलैक्ट्रीकल उपकरण | 2.9983 | 120.6 | 96.3 | 121.0 | 100.6 | -20.1 | -16.9 |
| 28 | मशीनरी और एनईसी उपकरण | 4.7653 | 119.0 | 115.2 | 108.6 | 112.8 | -3.2 | 3.9 |
| 29 | मोटर वाहन, ट्रेलर तथा सेमी-ट्रेलर | 4.8573 | 101.5 | 103.0 | 101.8 | 101.1 | 1.5 | -0.7 |
| 30 | अन्य परिवहन उपकरण | 1.7763 | 117.6 | 127.1 | 118.5 | 129.6 | 8.1 | 9.4 |
| 31 | फर्नीचर | 0.1311 | 161.2 | 180.0 | 168.8 | 177.9 | 11.7 | 5.4 |
| 32 | अन्य उत्पाद | 0.9415 | 114.4 | 146.6 | 116.4 | 139.0 | 28.1 | 19.4 |
| 05 | खनन | 14.3725 | 98.4 | 98.8 | 98.6 | 99.8 | 0.4 | 1.2 |
| 10-32 | विनिर्माण | 77.6332 | 121.1 | 120.6 | 119.2 | 121.3 | -0.4 | 1.8 |
| 35 | विद्युत | 7.9943 | 144.3 | 147.4 | 144.4 | 152.0 | 2.1 | 5.3 |
| | सामान्य सूचकांक | 100.00 | 119.7 | 119.6 | 118.2 | 120.6 | -0.1 | 2.0 |

उद्योगों के कोड राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण 2008 के अनुसार हैं ।

**विवरण III: औद्योगिक उत्पादन सूचकांक - उपयोग-आधारित**

**(आधार:2011-12=100)**

| माह | बुनियादी सामान (34.0486) | | पूंजीगत सामान (8.2230) | | मध्यवर्ती सामान (17.2215) | | आधारी संरचना/ निर्माण सामान (12.3384) | | उपभोक्ता टिकाऊ (12.8393) | | उपभोक्ता गैर-टिकाऊ (15.3292) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 | 2016-17 | 2017-18 |
| अप्रैल | 113.1 | 116.6 | 93.4 | 90.1 | 115.4 | 120.5 | 119.6 | 125.8 | 120.6 | 119.0 | 113.5 | 123.5 |
| मई | 117.6 | 121.9 | 101.3 | 99.9 | 122.5 | 123.0 | 130.9 | 131.2 | 124.3 | 125.3 | 128.4 | 140.6 |
| जून* | 116.7 | 116.5 | 106.3 | 99.1 | 121.5 | 120.8 | 128.9 | 129.7 | 121.9 | 119.3 | 122.3 | 128.3 |
| जुलाई | 113.2 | | 97.6 | | 123.2 | | 119.5 | | 119.9 | | 123.3 | |
| अगस्त | 110.0 | | 94.8 | | 123.6 | | 124.9 | | 122.8 | | 122.6 | |
| सितम्बर | 109.8 | | 99.0 | | 121.2 | | 124.7 | | 135.4 | | 123.9 | |
| अक्तूबर | 119.2 | | 94.3 | | 122.3 | | 124.8 | | 130.7 | | 122.1 | |
| नवंबर | 117.0 | | 98.7 | | 117.7 | | 113.7 | | 118.3 | | 120.5 | |
| दिसंबर | 123.3 | | 97.3 | | 121.9 | | 125.8 | | 116.8 | | 131.3 | |
| जनवरी | 122.0 | | 98.8 | | 123.9 | | 128.7 | | 116.7 | | 138.5 | |
| फरवरी | 115.2 | | 101.9 | | 120.7 | | 122.6 | | 115.4 | | 136.5 | |
| मार्च | 132.5 | | 134.7 | | 134.1 | | 135.6 | | 128.2 | | 135.4 | |
| औसत | | | | | | | | | | | | |
| अप्रैल-जून | 115.8 | 118.3 | 100.3 | 96.4 | 119.8 | 121.4 | 126.5 | 128.9 | 122.3 | 121.2 | 121.4 | 130.8 |
| पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वृद्धि | | | | | | | | | | | | |
| जून | 8.2 | -0.2 | 14.8 | -6.8 | 6.0 | -0.6 | 6.6 | 0.6 | 4.5 | -2.1 | 11.4 | 4.9 |
| अप्रैल-जून | 8.3 | 2.2 | 13.0 | -3.9 | 3.4 | 1.3 | 5.0 | 1.9 | 7.9 | -0.9 | 7.6 | 7.7 |

***जून 2017 के सूचकांक त्वरित अनुमान हैं ।**

**टिप्पणी: मार्च, 2017 और मई 2017 माह के सूचकांकों में अद्यतन उत्पादन आंकड़े शामिल हैं ।**